साधु का भेष धारण कर दुकानदार को ठगा

केकड़ी, (निसं)। केकड़ी शहर में ठगी की एक अनोखी वारदात सामने आई है, जहां साधु का वेश धारण कर आए तीन बदमाशों ने एक दुकानदार को चकमा देकर उसकी सोने की अंगूठी पर हाथ साफ कर दिया।

घटना शहर के घंटाघर से जूनिया गेट के बीच स्थित पुष्प कलर लेब की है, जहां तीनों ठग साधु के रूप में पहुंचे और दुकान के मालिक बाबूभाई भगतानी को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में उलझा लिया। जानकारी के अनुसार ठगों में से एक, जिसने भगवा वस्त्र धारण कर रखा था। बाबूभाई से लगातार बातचीत करता रहा, जबकि उसके दो अन्य साथी, जो सफेद साधु वेश में थे, पूरी घटना में उसका साथ दे रहे थे। बातों-बातों में साधु बने ठग ने बाबूभाई की सोने की अंगूठी उतरवा ली और यह कहते हुए अपने मुंह में रख ली कि कुछ ही देर में वह उसे वापस कर देगा। बाबूभाई उसकी बातों में आ गए, लेकिन इससे पहले कि उन्हें किसी अनहोनी का आभास होता, तीनों ठग वहां से नौ-दो-ग्यारह हो गए। घटना के बाद जब बाबूभाई को एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हो चुकी है, तो उन्होंने आसपास के इलाके में बदमाशों को तलाशने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वे फरार हो चुके थे। पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें ठग साधु के भेष में नजर आए। एक ठग भगवा वस्त्र पहने था, जबकि दो ने सफेद वस्त्र धारण कर रखे थे। बताया जा रहा है कि ठगों ने अन्य दुकानों पर भी इसी तरह ठगी का प्रयास किया, लेकिन वहां वे सफल नहीं हो सके। स्थानीय लोगों ने भी उन्हें खोजने की कोशिश की, लेकिन ठगों का कोई सुराग नहीं मिला। इस घटना को लेकर अब तक सिटी थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है।

टिकट कंफर्म का झांसा देकर लूटने के चार आरोपी पकड़े

अजमेर, (कासं)। रेलवे स्टेशनों पर टिकट कंफर्म कराने का झांसा देकर डरा धमकाकर लूट की वारदात के मामले का गुरुवार को राजकीय रेलवे पुलिस ने खुलासा किया। रेलवे पुलिस ने वारदात अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 हजार 500 रुपए नकदी तथा विभिन्न कंपनियों के 9 महंगे मोबाइल बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अलग अलग स्टेशनों पर करीब 20 से ज्यादा वारदात करना कबूल किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी।

राजकीय रेलवे पुलिस अजमेर के डीएसपी रामावतार चौधरी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया की 5 मार्च को राजेश कुमार ने अपने दोस्त महेन्द्र राम के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि 1 मार्च को अपने गांव जाने के लिए पालनपुर से अजमेर रेलवे स्टेशन पर आए, जहां एक व्यक्ति टिकट कन्फर्म करवाने का झांसा देकर अपने साथियों के पास ले गया।

चार अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू दिखाकर 56 हजार और एक रेडमी कंपनी का मोबाइल लूट लिया। दोस्त महेन्द्र राम से 30 हजार रुपए और मोबाइल लूट लिया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच थाना प्रभारी फूल चंद को सौंपी गई।

डीएसपी रामावतार ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस ने टीमो का गठन किया और सीसीटीवी में दिखे हुलिये के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। रेलवे स्टेशन, स्टेशन के बाहर, अभय कमाण्ड सेन्टर के कैमरे जांच की तो संदिग्ध दिखे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पड़ाव से आरोपी शिवराज महतो पुत्र राम अवतार महतो निवासी ठाम हेमजापुर चाय टोला शिवकुंड बिहार, धर्मेंद्र कुमार पुत्र हरीनदंन महतो निवासी ठाम मदनी चौकी बंशीपुर चन्द्र टोला लखीसराय बिहार, अजय कुमार पुत्र सहिन्द्र महतो निवासी चाय टोला करबला मुंगेर बिहार तथा विवेक कुमार पुत्र वैदेही महतो निवासी सिरसिया बाजार वार्ड नंबर 12 जिला सितामढी बिहार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम 52 हजार 500 रुपए और 9 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को बेपर्दा रखा है। व शिनाख्त कराई जाएगी।

20 वारदात कबूली

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अजमेर, अहमदाबाद, साबरमती, आगरा, जयपुर सहित कई रेलवे स्टेशनों पर करीब 20 वारदात करने की बात कबूल की। आरोपी रेलवे स्टेशनों पर व्यक्ति की तलाश करते है तथा इनका एक साथी उस पर नजर रखकर उससे जान.पहचान बनाता है। इसके बाद ट्रेनों में टिकट कन्फर्म करवाने का झांसा देकर डरा धमकाकर लूट की वारदात अंजाम देते है।

डेयरी क्षेत्र में उपलब्धियों पर चौधरी को अवार्ड मिला

अजमेर, (कासं)। अजमेर सरस डेयरी में गत 35 वर्षों से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होते आ रहे व पशुपालकों एवं किसानों के हितैषी अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को डेयरी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर गुरुवार को पटना स्थित सम्राट अशोक इंटरनेशनल कन्वैक्शन केंद्र ज्ञान भवन में आयोजित आईडीए के राष्ट्रीय अधिवेशन में आईडीए फेलोशिप अवार्ड से नवाजा गया है।

अवार्ड के तहत चौधरी का शाल ओढ़ाकर, गुलदस्ता भेंट करके आईडीए का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया।

इंडियन डेयरी एसोसिएशन के पटना में आयोजित तीन दिवसीय अधिवेशन के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में चौधरी को केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के हाथों यह अवार्ड प्रदान किया गया।

इस मौके पर सिंह ने कहा कि अजमेर में उत्तर भारत का सबसे बड़ा डेयरी का आधुनिक प्लांट होना गर्व का विषय है आईडीए के इस 51 वें अधिवेशन में आयोजित उद्घाटन समारोह के मौके पर मंच पर एसपी सिंह बघेल राज्य मंत्री भारत सरकार,

आईडीए प्रेसिडेंट आर. एस. सोढ़ी, अलका उपाध्याय सेक्रेटरी पशुपालन भारत सरकार, कैबिनेट सचिव वर्षा जोशी, एनडीडीबी अध्यक्ष मीनेश शाह व सुधीर कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि अजमेर सरस डेयरी का नवीन प्लांट जो 350 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है, उत्तर भारत का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां वर्तमान में पांच लाख लीटर दूध प्रतिदिन संकलित किया जा रहा है।

रामचंद्र चौधरी द्वारा मात्र 34 लीटर दूध संकलन के साथ 1972 में इस डेयरी की शुरुआत की गई थीत् वर्तमान में राजस्थान के साथ ही अन्य राज्यों में भी अजमेर सरस डेयरी में संकलित दूध की सप्लाई की जा रही है। इसके साथ ही डेयरी में लगभग 56 से अधिक उत्पाद तैयार किया जा रहे हैं। चौधरी गत 35 वर्षों से किसानों एवं पशुपालकों के लिए निरंतर संघर्षरत एवं प्रयासरत रहे हैं, राजस्थान मात्र एक ऐसा प्रदेश है, जहां पर पशुपालकों को मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत 5 रुपए प्रति लीटर सम्बल राशि प्रदान की जा रही है, इसके अतिरिक्त पशुपालकों के लिए कामधेनु योजना, मिड डे मील, प्रत्येक ठाम पंचायत स्तर पर पशु उप चिकित्सालयों की स्थापना, गौशालाओं को अनुदान दिलाना तथा गर्भाधान के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन पशुओं के लिए किसानों को उपलब्ध करवाने जैसी महत्वपूर्ण योजना में भी किसानों को सहयोग देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर अजमेर जिले से अजमेर डेयरी संचालक मंडल सदस्य छोगा लाल चौधरी, राजेन्द्र जेवलिया श्री हरिराम धायल, भागचंद कटसूरा, लादूराम शर्मा, रूपचंद नुवाद एवं स्पर्श ट्रस्ट सदस्य शाहबुद्दीन काठात, शांति लाल ढेल, चेनाराम फतेहपुरा, गीता चौधरी और अजमेर डेयरी उप प्रबंधक लादूराम चौधरी उपस्थित रहे एवं डेयरी सदर के पी एस यतीन्द्र सिंह भी शामिल हुए।

तीस गावों के लिए चिकित्सा मोबाइल वेन शुरू

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा ममता-हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से आस पास के क्षेत्र के 30 गावों के लिए मोबाइल हेल्थ वेन की शुरूआत की है। हुरडा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित समारोह से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

इस मोबाइल वेन में प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ गांव गांव जा कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्ष देगें । प्राथमिक जांच के बाद गंभीर बिमारी के रोगियों को राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु रेफर करने हेतु भी आवष्यक प्रयास किये जाएगें। मोबाइल वेन को एसडीएम गुलाबपुरा रोहित चैहान, भीलवाड़ा सीएमएचओ डॉ. चेतन पुरी गोस्वामी, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड एवं कैलाश चंद्र जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएचआरओ माइंस मोहम्मद अली, यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र चैहान, हेड सीएसआर अभय गौतम एवं सीएमओ विनोद राय उपस्थित थे।

चोरी हुआ सीमेन्ट से भरा ट्रक बरामद, एक जना गिरफ्तार

ब्यावर, (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी वृत जैतारण के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना रास धोलाराम उ.नि. मय टीम द्वारा श्री सिमेन्ट प्लांट रास के बाहर सिमेन्ट से भरे हुए ट्रक की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से सिमेन्ट से भरा चोरी का ट्रक बरामद करने में मिली सफलता।

26.फरवरी को प्रार्थी अजहरुदीन चीता निवासी हटुण्डी पुलिस थाना आर्दशनगर जिला अजमेर ने एक रिपोर्ट पुलिस थाना रास पर दर्ज करवाई की 24.फरवरी को मैं मेरी ट्रक को महालक्ष्मी ट्रासंपोर्ट से अजमेर के लिए प्रीमाइर कन्ट्रक्शन की लोड करने आया था। 400 बेग सीमेन्ट के लोडिंग करके रात्रि 9.45 बजे श्री सीमेन्ट प्लांट आरएनसीयू से सिक्यूरिटी आउट करवाने के बाद गाडी को खेडागेट एसबीआई बैंक के पास खड़ी करके वापस ट्रांसपोर्ट से गाडी की बिल बिल्टी लेकर वापस 11.30 बजे पहुंचा तो वहां पर मुझे मेरी गाडी नहीं मिली। मेरे आसपास के समस्त लोकल ड्राईवर व मोटर मालिक से पूछताछ की तो कोई पता नहीं लगा। जिस पर प्रकरण दर्ज कर माल व अज्ञात मुलजिमानों की तलाश शुरू की गई।

ब्यावर जिले में आये दिन हो रही चोरी नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने के लिए थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर घटना स्थल के आस पास के लोगो व ट्रक चालकों से पूछताछ एंव सूचना संकलन व तकनीकी डाटा विशलेषण के से एक संदिग्ध को डिटेन कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी रुपनगर निवासी हजरत खांन पुत्र नवाबुद्दीन जाति मेहरात उम्र 26 साल से गहनता व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर ऑनलाईन गेम खेलने से कर्जा होने के कारण चोरी करना स्वीकर किया। उसके कब्जे से सीमेन्ट से भरा ट्रक बरामदगी में पुलिस टीम सफल हुई।

पुलिस टीम में धोलाराम थानाधिकारी रास, बलराम हैड कानि बलराम और कांस्टेबल रामदयाल, संजय, सुशील, सुरज्ञान आदि थे।

करंट सहित हादसों में 3 युवकों की मौत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। गांधीनगर थाना अंतर्गत हरमाड़ा रोड़ स्थित अशोका चिप्स क्रेशर फैक्ट्री में बिजली करंट आने से गांव मंगरी निवासी जगदीश (50) पुत्र नारायण मेघवाल की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सांवतसर मुक्तिधाम के सामने एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के हाथ पर मांगीलाल संग लीला नाम गुदा हुआ है।

पुलिस द्वारा शव के शिनाख्त के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे है। किशनगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में गांव बरना में अज्ञात परिस्थितियो में 25 वर्षीय हेमंत राव पुत्र दशरथ सिंह ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है।

संगोष्ठी में अमराका के विद्यार्थियों ने भागीदारी की

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने नॉर्थन मिशिगन विश्वविद्यालय (एनएमयू), अमेरिका और दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के सहयोग से 'संस्कृति, समुदाय और सामाजिक परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। 8 मार्च, तक चलने वाले इस चार दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज कार्य के क्षेत्र में अकादमिक आदान प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विद्यार्थियों के मध्य वार्तालाप को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच की भूमिका प्रदान करेगा।

कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शोध और नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक होते है, साथ ही वैश्विक स्तर पर सामाजिक कार्य के क्षेत्र में ज्ञान और अनुभवों को साझा करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

संगोष्ठी के पहले दिन की शुरुआत विश्वविद्यालय अतिथि गृह के निरामय ध्यान कक्ष में अतिथियों के लिए आयोजित योग और ध्यान सत्र के साथ हुई। सुबह के सत्र के बाद, अकादमिक कार्यवाही अकादमिक ब्लॉक में स्थानांतरित हुई, जहाँ शिक्षाविदों और छात्रों की एक विशिष्ट सभा एकत्रित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी नेगी के स्वागत सम्बोधन से हुई। प्रोफ़ेसर सारा कार्लसन ने इस अवसर पर भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विशेष आतिथ्य के प्रति अपना विशेष आभार व्यक्त किया। पी एच डी विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप में प्रोफेसर एशले प्रोवोस्ट ने अमेरिका में स्थानीय आदिवासी समूहों की महिलाओं के मातृत्व एवं प्रसव से जुड़े अनुभवों पर अपने डॉक्टरल शोध के अनुभवों को साझा किया। साथ ही समाज कार्य विभाग के पी एच डी विद्यार्थियों ने अपने शोध विषयों एवं कार्यप्रणाली दृष्टिकोण को साझा किया।

प्रोफ़ेसर संजय रॉय ने इस अवसर पर शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में नैतिक विचार पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

समुदायों की सांस्कृतिक मान्यताओं, गोपनीयता एवं अखंडता का पर्याप्त सम्मान करना एवं साहित्यिक चोरी, नक़ल जैसी गलतियों से बचने की सलाह दी।

एनएसयूआई की नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा ब्यावर में

ब्यावर, (निसं) एनएसयूआई की जैसलमेर से प्रारंभ होकर 5 मार्च को ब्यावर में साइकिल यात्रा पहुंची।

यात्रा का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य मुख्य मार्गो पर जगह-जगह स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा। चांग गेट कुमारानंद सर्किल पर नुक्कड़ सभा रखी। जिसमें एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ द्वारा नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा के उद्देश्य के सभी मुद्दों को लेकर अपनी बात कही।

पाली बाजार में सभी दुकानो पर जाकर नशे के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। यात्रा को ब्यावर की जनता ने भरपूर सहयोग दिया व नशे के खिलाफ आवाज उठाने की बात को समर्थन दिया।

6 मार्च को केसरीनंदन गार्डन में झंडा रोहन करके ब्यावर के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष ने धन्यवाद दिया ओर अजमेर की ओर प्रस्थान किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाल पंवार, राजीव गांधी पंचायत संगठन जिला अध्यक्ष राम यादव, एनएसयूआई के शैलेंद्र सांखला, पार्षद भुवनेश शर्मा और कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वकीलों ने कार्य स्थगित रखा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। बार एसोसिएशन की ओर से पुष्कर में एडवोकेट पुरूषोतम जाखेटिया सहितपरिवारजनो पर जानलेवा हमला करने वाले हमलावरों को गिरप्तार करने की मांग को लेकर के तीसरे दिन भी कार्य स्थगित रखा। बार अध्यक्ष रुपेश शर्मा ने बताया कि वकीलों में गहरा रोष है। इस दौरान एडवोकेट राकेश शर्मा, नवीन बैरवा, रतनलाल चौधरी, सुजीतप्रकाश शर्मा, प्रतिक मेहता, दीपक खटाना, शिव धाभाई, जटाशंकर तिवारी, जगदीश गौरा, नरेंद्र बिड़ला सहित कई बार सदस्य मौजूद रहे।

NAME CHANGE
I, Bimla Devi Mother's of Army No.15346358H, HAV, Raj Kumar, R/o Raju Majra, Balachaur, Sbs Nagar, P.B. 144521 have change my name from Bimla Chand to Bimla Devi & DOB from 16/11/1959 to 01/01/1962 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE
I, Jaginder Kaur Mother's of Army No.18014704K, NK, Balwinder Singh, R/o kamboj nagar, Khalsa colony ward no.5, Ferozepur (Punjab) 152002 have change my name from Manju to Jaginder Kaur & DOB from 01/01/1984 to 10/10/1979 before court campus Nasirabad

आम सूचना
मेरी दादी छगू पत्नि उगमा जाति भील निवासी दादिया की मृत्यु दिनांक 1-1-2015 को मेरे निवास स्थान दादिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादी छगू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रार्थी- हेमराज पुत्र कानाराम जाति भील निवासी दादिया तह. अरांई (अजमेर)

आम सूचना
मेरी सास नोरती देवी पनि रामचन्द्र जाति भाम्बी निवासी मुण्डोती की मृत्यु दिनांक 4-12-2017 को मेरे निवास स्थान ग्राम मुण्डोती में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत आकोडिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी सास नोरती देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रार्थी- मंजू देवी पत्नि श्योजी जाति भाम्बी निवासी ग्राम मुण्डोती तह. अरांई (अजमेर)

उत्तर पश्चिम रेलवे
शुद्धिपत्र
ई-निविदा सं. CMSAII2024LPDRHAIIRT
प्रकाशन की तिथि 12.02.2025
मुख्य चिकित्सा अधिक्षक, अजमेर द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, अजमेर के लिए श्रेणी (1) औषधियों श्रेणी (2) सर्जिकल और श्रेणी (3) उपभोज्य वस्तुओं की दैनिक आपूर्ति के लिए विक्रेताओं यानी फर्मों/वितरकों/केमिस्ट की दुकानों के पैनल के लिए IREPS के द्वारा ई-निविदा आवेदन निर्धारित शर्तों पर आमंत्रित दिनांक 12.02.2025 को किये गए थे। IREPS पर ई-निविदा समाप्ति/बंद की पूर्व तिथि एवं समय 06.03.2025 को 15.00 बजे थी। ई-निविदा समाप्ति/बंद की तिथि को टेंडर की नियम व शर्तों को यथावत रखते हुए दिनांक 17.03.2025 को 15.00 बजे तक बढ़ाया जाता है। ई-निविदा शुद्धिपत्र को बोलीदाताओं (Bidders) द्वारा वेबसाइट – http://nwr.indianrailways.gov.in और http://www.ireps.gov.in से ऑनलाइन देखा जा सकता है या निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। 287-AN/25

नाम परिवर्तन
मेरे पुत्र के आर्मी नं. 15341568Y रैंक-HAV नाम- SATENDER SINGH है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम JANAK SINGH दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम JANAK DEVI से जाना जाये।

नाम परिवर्तन
मेरे पुत्र के आर्मी नं. 15341568Y रैंक-HAV नाम- SATENDER SINGH है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम JANAK SINGH दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम JANAK DEVI से जाना जाये।

नाम परिवर्तन
मेरे आर्मी नं. 15341801F रैंक - HAV नाम NGANGBAM INAOTON SINGH है। यह कि मेरी पुत्री का नाम मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में ANJILITA SINGH दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरी पुत्री को सही व वास्तविक नाम NGANGBAM ANJALITA DEVI से जाना जाये।

नाम परिवर्तन
मेरे पति के आर्मी नं. 15341801F रैंक HAV नाम- NGANGBAM INAOTON SINGH है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम N SARJULATA दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम NGANGBAM SARJULATA DEVI से जाना जाये।

नाम परिवर्तन
मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम छवि दर्ज है जो की गलत है उसका सही व वास्तविक नाम छवि सोनी है अतः भविष्य में सभी आवश्यक कार्य हेतु उसे छवि सोनी के नाम से जाना पहचाना जाए।
पता-नारायण सोनी, छापरी गेट के अन्दर डीडवाना, तह. डीडवाना, डीडवाना-कुचामन

NAME CHANGE
I, Gurmail Chand Father's of Army No. 15346358H, HAV, Raj Kumar, R/o Raju Majra, Balachaur, Sbs Nagar, P.B. 144521 have change my name from Gurmel Chand to Gurmail Chand & DOB from 11/07/1956 to 01/01/1956 before court campus Nasirabad

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि/भवन/2024-25/845 दिनांक: 25-02-25
आपत्ति सूचना
श्री संजय सोनी पुत्र श्री गोपाल सोनी निवासी पटवा गली नला बाजार दरगाह शरीफ के पास अजमेर द्वारा एक सम्पति जो वाके पटवा गली नला बाजार दरगाह शरीफ के पास अजमेर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 44.49 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - होटल आलीशान पश्चिम - गली
उत्तर - होटल आलीशान दक्षिण - मकान श्री धीरज व मकान श्री केवल चन्द जी का
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तोवजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि/भवन/2024-25/846 दिनांक: 25-02-25
आपत्ति सूचना
हाजी मोहम्मद अय्यूब खान, हाजी कय्यूम खान, हाजी मोहम्मद मेहमूद खान पुत्रगण स्व. हाजी मोहम्मद याकूब खान निवासीगण 35 / 575 हिन्दू मौची मोहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पति जो कि ए.एम. सी. नं. 19/3705/461, 4/461 अंकित है जो वाके नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 65.82 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - जायदाद ए.एम.सी. नं 5/460 पश्चिम - जायदाद ए.एम.सी. 05/462
उत्तर - नला बाजार रोड दक्षिण - जायदाद ए.एम.सी नं. 05/313-314 एवं रास्ता गली है
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तोवजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
क्रमांक- न.नि/भवन/2024-25/878 दिनांक: 06-03-25
आपत्ति सूचना
श्रीमती प्रिया माहेश्वरी पत्नी श्री मनीष माहेश्वरी निवासी 10 नवगृह कॉलोनी पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 19 जो कि खसरा नं. 3403, 3404 व 3405 का भाग है जो वाके थोक मालिया प्रथम हर्ष विहार कॉलोनी अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 159.55 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार आवासीय मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - प्राईवेट मकान पश्चिम - भूखण्ड संख्या 18 श्री कटियार जी की सम्पति
उत्तर - अन्य की सम्पति दक्षिण - 100 फुट चौडा रोड है।
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तोवजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नियमन/2024-25/605 दिनांक 25/02/2025
लोक सूचना
निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिभूति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात –

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	1. निजी सम्पति एम. गौतम पुत्र जी. मिठालाल तालेडा हिस्सा-1/2 जाति जैन सा. CROSS STREET UNITED INDIA COLONY] KODAMBKKAM] CHENNAI] TAMILNADU 600024 खातेदार 2. निजी सम्पति एम. महावीर पुत्र जी. मिठालाल तालेडा हिस्सा- 1/2 जाति जैन सा. CROSS STREET UNITED INDIA COLONY] KODAMBKKAM] CHENNAI] TAMILNADU 600024 खातेदार,	नयानगर	2355/1815	0.2711 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिभूति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिभूति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 25/02/2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.
गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर 01462-230051 ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक न.पा.वि/भूमि/2025/5556 आम सूचना दिनांक : 5.3.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	61	अशोक नरूका/ जगदीश नरूका	मारुति नगर, बरल द्वितीय	950, 951, 953 954, 956	146 व 147	426.66 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.
गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर 01462-230051 ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक न.पा.वि/भूमि/2025/5893 आम सूचना दिनांक : 5.3.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत इ